भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 258
दिनांक 02 दिसंबर, 2025 / 11 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

जनगणना 2021 की बहाली

†258. श्री एम.के. राघवनः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का जनगणना 2021 को फिर से शुरु करने का विचार है, जिसे भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया था और कोविड 19 के प्रकोप के कारण स्थगित कर दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके पूर्ण होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या सरकार का आगामी दशकीय जनगणना के साथ-साथ जाति जनगणना कराने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): सरकार ने 2027 में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। जनगणना कराने की सरकार की मंशा की अधिसूचना 16 जून, 2025 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। जनगणना 2027 दो चरणों में की जाएगी, चरण I - मकान सूचीकरण और मकानों की गणना, अप्रैल से सितंबर, 2026 के दौरान 30 दिनों की अवधि में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों की सुविधा के अनुसार की जाएगी। इसके बाद चरण II - जनसंख्या गणना होगी। जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 के दौरान होगी जिसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे होगी सिवाय संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों में, जहाँ जनसंख्या गणना, सितंबर 2026 के दौरान होगी जिसकी संदर्भ तिथि अक्तूबर, 2026 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी।

(ग) और (घ): राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति के दिनांक 30.04.2025 के निर्णय के अनुसार, जनगणना के साथ जातियों की गणना भी की जाएगी।

*****